# बड़े तालाब के आसपास से हटेंगे अवैध निर्माण

**खास बातें...**

- पहले सर्वे होगा और फिर कार्रवाई होगी
- नगरीय विकास एवं आवास विभाग की बैठक में दिये निर्देश
- अंर्तशहरी क्षेत्र के लिये नमो ट्रेन की योजना तैयार होगी



**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 3 जुलाई. राजधानी भोपाल के बड़े तालाब के आसपास के अवैध निर्माण अब राज्य सरकार के निशाने पर हैं. बड़े तालाब के आसपास के अवैध निर्माण हटेंगे. पहले अवैध निर्माण का सर्वे किया जाएगा, उसके बाद फिर कार्रवाई होगी.**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को इस संबंध में निर्देश दिये हैं. मुख्यमंत्री ने समत्व भवन में नगरीय विकास एवं आवास विभाग की समीक्षा की. इस दौरान तालाब के आसपास अवैध निर्माण पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गहरी नाराजगी जाहिर की. उनका कहना था कि ये तालाब भोपाल शहर की शान है. इसकी सुंदरता और स्वच्छता बनाये रखना हम सबकी जिम्मेदारी है. इसके आसपास अवैध निर्माण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. इस दौरान मुख्यमंत्री ने बड़ें शहरों में झुग्गी बस्तियों के विस्तार को नियंत्रित करने के साथ ही इस वर्ग के लिये किफायती आवास की सुविधा विकसित करने की पैरवी की. मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में शहरी क्षेत्रों में कॉलोनियों के विकास में देश के प्रतिष्ठित बिल्डर्स एंड कॉलोनाईजस को जोड़ा जाए. उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों के साथ औद्योगिक क्षेत्रों में होने वाली आकस्मिक घटनाओं पर नियंत्रण के लिए अग्निशमन सेवा का आधुनिकीकरण तत्काल किया जाए. अंतर्शहरी क्षेत्र में रेल सेवा के विस्तार के लिए नमो ट्रेन की योजना तैयार की जाए.

जल्द ही इस पर केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से चर्चा कर मदद ली जाएगी. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लाड़ली बहनों को प्राथमिकता के आधार पर आवास सुविधा उपलब्ध कराई जाए. प्रदेश में मीट-मछली के दुकानदारों को व्यवस्थित करने और उपयुक्त स्थान उपलब्ध कराने के लिए नगरीय निकायों को शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिए.

### 2027 तक इंदौर, भोपाल में मेट्रो

बैठक में संकल्प-पत्र के बिन्दुओं पर भी चर्चा की गई. बताया गया कि संकल्प बिन्दु के अनुसार वर्ष 2027 तक भोपाल और इंदौर मेट्रो लाईन का पूर्ण संचालन सुनिश्चित किया जाएगा. मुख्यमंत्री नगरीय क्षेत्र अधोसंरचना निर्माण योजना में 1070 करोड़ रूपए की 1062 परियोजनाएं मंजूर हैं. बैठक में इलेक्ट्रिक बसों के संचालन के मुद्दे पर चर्चा की गई. नगरीय क्षेत्रों में जल आपूर्ति और सीवरेज की 333 परियोजनाएं स्वीकृत हैं. इन पर करीब 11 हजार करोड़ रूपए की राशि मंजूर हुई है.

# पहले मुआवजा दो फिर ले जाओ मशीन

## आधा दर्जन गांव के किसानों का मुआवजे को लेकर फूटा आक्रोश

**छिंदवाड़ा. गेल इंडिया कंपनी खेतों में पाइपलाइन बिछा रही है. जो किसानों के लिए परेशानी का सबब बन गयी है. एक तरफ फसल खराब हो रही है, तो दूसरी ओर कंपनी की ओर से उचित मुआवजा नहीं दिया जा रहा है.**

यह अन्याय गोरखपुर, हिव रावासुदेव, तुर्कीखापा लहगडुआ गांव के पीड़ित किसानों के साथ हो रहा है. 3 सालों से दर्जनों बार मुआवजे को लेकर भटक रहे है लेकिन उक्त फसल व अन्य छति का मुआवजा नहीं दिया गया. किसान कलेक्टर व सीएम हेल्पलाइन में तक शिकायत किए जाने के बाद भी कार्यवाही नहीं हुई. इन गांवों के पीड़ित किसान अड़वार गांव मे गेल कंपनी द्वारा किए जा रहे कार्य स्थल पर पहुचे.जहा पर.कंपनी द्वारा कार्य कर मशीनों को ले जा रहे थे.इसी दौरान पीड़ित किसानों ने सबंधित कंपनी के अधिकारियों से कहा कि पहले फसल व अन्य छति मुआवजा दे दीजिए उसके बाद यहा से मशीन ले जाइये. इधर गेल कंपनी इंडिया लिमिटेड के उप महाप्रबंधक जगन्नाथ भी पहुचे. जिन्होंने पीड़ित को किसानों कहा कि अभी उनके वरिष्ठ अधिकारी सीए अभी अवकाश पर जैसे वह आते है तो सबसे पहले गोरखपुर, हिवरावासुदेव, अडवार के किसानों की मुआवजा की राशि दी जाएगी. लेकिन किसानों को आज तक मुआवजा राशि नही दी गयी.



### एक नजर में

#### 114 अधिकारियों के हुए तबादले

**भोपाल.** मप्र गृह विभाग ने बड़ी संख्या में राज्य पुलिस सेवा के अधिकारियों तबादले किए हैं. गुरूवार को जारी आदेश के अनुसार 114 की संख्या में डीएसपी रेंक के तबादले हुए है. आदेश को तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है. भोपाल में पदस्थ राजेश भांगरे 23वीं वाहिनी विसबल की नई जिम्मेदारी सौंपी गई है. सुरेश कुमार मर्सकोले को रेडियो मुख्यालय भोपाल से रेडियो जोन ग्वालियर भेजा गया है. बिट्टू शर्मा बटेले को नगरीय पुलिस भोपाल की जिम्मेदारी मिली है. प्रवीण नारायण बघेल को एसटीएफ मुख्यालय भोपाल भेजा गया है. प्रदेशभर में अधिकारियों के हुए तबादले की सूची जारी कर दी गई है.

#### गेट तोड़ा फिर घर में फायरिंग कर भाग गए

**नीमच.** जिले के केरी गांव में बुधवार रात स्कार्पियो से आए नकाबपोश तीन बदमाशों ने दशरथ सिंह तोमर के घर हमला कर दिया. जीरन थाना पुलिस के मुताबिक, बदमाशों ने पहले स्कार्पियो से मकान का लोहे का गेट तोड़ा. इसके बाद घर में घुसकर रिवॉल्वर से फायरिंग शुरू कर दी. हमलावरों ने सबसे पहले मकान की दीवारों पर लगे सीसीटीवी कैमरों को निशाना बनाया. हालांकि, गोलियां कैमरों को नुकसान नहीं पहुंचा सकीं. गोलियां दीवारों से टकराईं, जिससे दीवारों का प्लास्टर क्षतिग्रस्त हो गया.

#### चार हाथियों डिंडौरी में मचाया उत्पात

**अनूपपुर.** मध्यप्रदेश में एक बार फिर छत्तीसगढ़ से आए जंगली हाथियों का कहर देखने को मिल रहा है. बीते 16 दिनों से अनूपपुर जिले के राजेंद्रग्राम वन परिक्षेत्र में डेरा जमाए चार हाथियों का दल अब डिंडोरी की सीमा में प्रवेश कर चुका है. ये हाथी हर रात भोजन की तलाश में ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर घरों में तोड़फोड़ कर रहे हैं और अनाज खा रहे हैं, जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है. वन विभाग की टीम लगातार हाथियों की निगरानी में जुटी है, लेकिन हाथियों की सक्रियता थमने का नाम नहीं ले रही. चार प्रवासी हाथियों का यह दल पहले छत्तीसगढ़ के मरवाही वन मंडल क्षेत्र में देखा गया था.

# रीवा शहर में एक लाख पौधे लगाये जाएंगे

## उप मुख्यमंत्री ने वृक्षारोपण की तैयारियों की समीक्षा की

**भोपाल 3 जुलाई. उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने राजनिवास सर्किट हाउस रीवा में वृहद वृक्षारोपण की तैयारियों की समीक्षा की. उन्होंने कहा कि रीवा को हराभरा बनाने के लिये चयनित स्थलों में एक लाख पौधे लगाये जायेंगे.**

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने वृक्षारोपण से पूर्व की सभी तैयारियाँ पूर्ण करने तथा आमजनों की सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि चयनित किये गये स्थलों में व्यापक पैमाने पर छायादार, फलदार औषधीय पौधों का वृक्षारोपण करते हुए सड़क के किनारे वृक्षारोपण करें तथा ही पूर्व के रोपित पौधों के रिक्त भूमि में भी वृक्षारोपण कर गैप फिलिंग करें.

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि व्यापक पैमाने पर किये गये वृक्षारोपण से पर्यावरण संतुलित होगा तथा सड़क के किनारे किये गये वृक्षारोपण से शहर की सुंदरता बढ़ेगी. उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि वृक्षारोपण सामाजिक दायित्व के साथ पुण्य का भी कार्य है. इससे आमजनों, व्यापारी संगठनों, स्वयंसेवी संगठनों सहित अन्य लोगों को भी जोड़े. उन्होंने रोपित पौधों की पूर्ण सुरक्षा के इंतजाम किये जाने के भी निर्देश दिये.




### उप मुख्यमंत्री शुक्ल श्रीमद्भागवत कथा में हुए शामिल

**भोपाल.** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल लक्ष्मणबाग, रीवा में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा में शामिल हुए. उन्होंने कथा का श्रवण किया और कथा व्यास पंडित बाला व्यंकटेश शास्त्री से आशीर्वाद प्राप्त किया. उन्होंने लक्ष्मणबाग गौशाला में गौवंशों को फल खिलाकर गौ सेवा की तथा मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि और कल्याण की कामना की.

# युवक के साथ हुआ अमानवीय व्यवहार

**भोपाल, छिंदवाड़ा, 03 जुलाई. मध्यप्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने छिंदवाड़ा जिले के एक आदिवासी युवक के साथ अमानवीय व्यवहार का आरोप लगाते हुए सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया है.**

हालांकि प्रशासन ने इससे इंकार करते हुए बताया है कि मामले में फरियादी ने जो प्रकरण दर्ज कराया है, उसमें कहीं भी अमानवीय व्यवहार का कोई जिक्र नहीं किया गया है. सिंघार ने आज एक्स पर एक वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा, मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा ज़िले के एक आदिवासी युवक राजकुमार बट्टी ने हर्रई क्षेत्र के ढाबा संचालक पर 29 जून की रात उसके साथ मारपीट करने तथा कथित रूप से मुँह में थूकने और पेशाब करने का आरोप लगाया. युवक के अनुसार वह ढाबे पर काम करता और अपने बकाया पैसे मांगने गया था. प्रदेश में हर रोज़ संगीन अपराधों के मामले सामने आ रहे हैं. सरकार को सख्त कदम उठाकर इन घटनाओं पर लगाम लगानी चाहिए.



इसी क्रम में छिंदवाड़ा जिला प्रशासन ने इस संबंध में अमरवाड़ा एसडीएम से प्राप्त जानकारी के हवाले से सोशल मीडिया पर बताया कि राजकुमार बट्टी निवासी ग्राम तुईयापानी के साथ 29 जून को मारपीट हुई थी. उनके चचेरे भाई आफत बट्टी और भाई नवीन बट्टी राजा चौकसे के ढाबे में काम करते थे. पैसों के लेन-देन को लेकर विवाद के बाद आफत और नवीन ढाबे से काम छोड़कर लौट आए थे. इसके कुछ देर बाद राजा चौकसे, गोलू मालवीय और अंकित कहार उनके घर पहुंचे और कहासुनी के बाद राजकुमार बट्टी के साथ मारपीट की. जब उन्होंने शोर मचाया तो भाई नवीन बट्टी और पत्नी जानकी बट्टी बीच-बचाव के लिए आए, जिनके साथ भी मारपीट की गई. इस घटना की रिपोर्ट राजकुमार बट्टी द्वारा थाना अमरवाड़ा में दर्ज कराई गई थी, जिसमें कहीं भी अमानवीय कृत्य की बात दर्ज नहीं है.

### 30 वाहनों से वसूला 99816 का जुर्माना

**छिंदवाड़ा.** परिवहन विभाग के जांच दल द्वारा आज शहर में संचालित हो रहे स्कूल वाहनों के परमिट, फिटनेस, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र एवं वाहन चालक का वैध लाइसेंस आदि की जांच की गई. जिन वाहनों के दस्तावेजों में कमियां पाई गई ऐसे वाहनों पर चालानी कार्यवाही की गई. अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी अनुराग शुक्ला ने बताया कि विगत सप्ताह में स्कूल वाहन क्रमांक एमपी 22 पी 0355 बिना परमिट संचालित पाये जाने पर 6,816 रूपये, 02 ट्रैक्टर वाहन क्रमांक एमपी 28 एडी 0295 एवं एमपी 28 एसी 1633 का व्यावसायिक उपयोग करते पाये जाने पर 71,000 रूपये तथा अन्य कार्यवाही में 27 वाहनों पर 22,000 रूपये की चालानी कार्यवाही की गई.

# अंधे कत्ल का हुआ खुलासा

### दो आरोपियों को धर दबोचा

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा. शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में बीते दिनों एक महिला की अर्धनग्न हालत में लाश मिलने से हड़कंप मच गया था. इस मामले का गुरुवार को पुलिस ने खुलासा करते हुए आरोपी प्रिस,दिवाल उर्फ राधे को धर दबोचा है.**

जिन्होंने घटना की रात करीब 8.00 बजे पहले तो महिला के साथ सुनसान क्षेत्र में जाकर शराब पी. जिसके बाद महिला से संबंध बनाने की कोशिश की. हालांकि इस दौरान महिला ने संबंध बनाने से इनकार कर दिया. तब दोनों आरोपियों ने महिला के साथ गैंगरेप कर पत्थर से कुचलकर उसकी हत्या कर दी और मौके से फरार हो गए. लेकिन कुछ देर बाद वापस दोनों आरोपी मौके पर पहुंचे, और महिला को दोबारा पत्थरों से कुचलकर महिला की हत्या करना सुनिश्चित किया. जिसके बाद इनमें से एक आरोपी खंडवा से महाराष्ट्र के नासिक के एक डेरे में जा छिपा, तो वहीं दूसरा आरोपी खंडवा में ही भूमिगत हो गया.



### डॉक्टर के गलत उपचार से महिला की मौत

**झाबुआ.** झाबुआ थाना के ग्राम कालापीपल निवासी एक 45 वर्षीय विधवा महिला ने एक निजी डॉ. एपी त्रिपाठी के यहां उपचार करवाया था. चिकित्सक द्वारा महिला को इंजेक्शन लगाने के साथ गोली-दवाई दी गई. जिसके आधे घंटे बाद महिला की मृत्यु हो गई. परिजनों का आरोप है कि डॉ. त्रिपाठी द्वारा गलत उपचार से महिला की जान चली गई. पुलिस ने मर्ग कायम जांच शुरू की है. झीता पति स्व. चेनसिंह भूरिया 45 वर्ष निवासी ग्राम कालापीपील को 2 जुलाई को हाथ-पैर में दर्द एवं बुखार आदि की शिकायत होने पर परिजन उसे उपचार के लिए गोपाल कॉलोनी में निजी क्लिनिक पर ले गए. जहां डॉ. त्रिपाठी ने उपचार करते हुए इंजेक्शन लगाया एवं गोली-दवाई दी गई.

# खजुराहो एयरपोर्ट नंबर वन हवाई अड्डा

## एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के सर्वेक्षण में मिली रेटिंग




**नई दिल्ली/भोपाल/खजुराहो. एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा वर्ष 2025-26 के पहले चरण (जनवरी-जून 2025) के लिए किए गए ग्राहक संतुष्टि सर्वेक्षण की रिपोर्ट जारी कर दी गई है. देशभर के 62 हवाई अड्डों में से 60 पर यात्रियों से फीडबैक एकत्र किया गया.**

इस सर्वेक्षण में खजुराहो हवाई अड्डे ने 5.00 में से 5.00 का पूर्ण स्कोर प्राप्त कर न केवल देश के सर्वश्रेष्ठ, बल्कि नंबर वन हवाई अड्डे के रूप में अपनी पहचान बनाई है. खजुराहो के साथ-साथ उदयपुर और भोपाल हवाई अड्डों ने भी सर्वेक्षण में पूर्ण अंक हासिल किए हैं, लेकिन यात्रियों की संतुष्टि, सुविधाओं और अनुभव के आधार पर खजुराहो को शीर्ष स्थान प्रदान किया गया है.

इस अवसर पर खजुराहो एयरपोर्ट के निदेशक संतोष सिंह ने कहा कि यह उपलब्धि हमारी पूरी टीम की प्रतिबद्धता, मेहनत और यात्रियों को सर्वोत्तम सुविधाएं देने के हमारे निरंतर प्रयास का परिणाम है. हम अपने सभी स्टाफ, सहयोगी एजेंसियों और यात्रियों का आभार प्रकट करते हैं, जिनके सहयोग से हमें यह नंबर वन स्थान प्राप्त हुआ. भविष्य में भी हम यात्रियों की अपेक्षाओं से एक कदम आगे रहने का प्रयास जारी रखेंगे.

# पुरस्कृत होंगे वन विभाग के अधिकारी

## अंतर्राष्ट्रीय बाघ तस्कर को जेल पहुंचाने किए बहुआयामी प्रयास

**भोपाल, 3 जुलाई. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश वन विभाग के वन्य जीव संरक्षण प्रयासों और उसमें प्राप्त हो रही सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी है.**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वन विभाग में रहकर उत्कृष्ट कार्य और बहुआयामी प्रयास करने वाले अधिकारियों और अन्य अमले को पुरस्कृत किया जाएगा. हाल ही में स्टेट टाइगर फोर्स के कर्तव्यनिष्ठ अधिकारियों-कर्मचारियों के संयुक्त प्रयासों में सफलता का एक महत्वपूर्ण आयाम जुड़ा है. स्टेट टाइगर फोर्स ने न सिर्फ अंतर्राष्ट्रीय बाघ तस्कर के विरूद्ध की गई सटीक विवेचना की बल्कि न्यायालय के स्तर पर भी ठोस पक्ष रखने का कार्य किया, जिसके फलस्वरूप आरोपित व्यक्ति ताशी शेरपा को 5 वर्ष की सजा सुनाई गई है. मप्र की पहचान सघन और पर्यावरण हितैषी वन क्षेत्र और भारत की समृद्ध जैव विविधता के प्रतीक विभिन्न वन्य प्राणी हैं. वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी गंभीरता और परिश्रमपूर्वक प्रदेश की वन और वन्यप्राणी सम्पदा के संरक्षण का कार्य कर रहे हैं.

### इंटरपोल मुख्यालय ने दी बधाई

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इंटरपोल मुख्यालय ल्योन, फ्रांस से जारी पत्र में मध्यप्रदेश वन विभाग की स्टेट टाइगर फोर्स को अंतर्राष्ट्रीय बाघ तस्कर ताशी शेरपा के सफलतापूर्वक अभियोजन को पूरा करते हुए सजा दिलवाने के लिए बधाई दी है. स्टेट टाइगर फोर्स की कार्यवाही से अंतर्राज्यीय एवं अंतर्राष्ट्रीय गिरोह बेनकाब हुए हैं. जिन गिरोहों के अपराधी भारत सहित नेपाल, भूटान और चीन तक वन्य जीवों की तस्करी में लिप्त रहते हैं, उन पर नजर रखते हुए टाइगर फोर्स ने वैज्ञानिक ढंग से विवेचना का कार्य किया है.

# ऊर्जा क्षेत्र में नवाचार के लिए बड़े संस्थान

## आईआईटी, आईआईएम, आईआईआईटी, मेनिट एवं सीपीआरआई से शुरुआत

**भोपाल, 3 जुलाई. ऊर्जा क्षेत्र में नवाचार और नॉलेज शेयरिंग के लिये आईआईटी, आईआईएम, आईआईआईटी, मेनिट एवं सीपीआरआई से भागीदारी की शुरुआत की जा रही है.**

अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा नीरज मण्डलोई की उपस्थिति में गुरुवार को इन संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ इस संबंध में सम्मेलन हुआ. सम्मेलन में प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों के प्रतिनिधियों ने प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किये. सम्मेलन में ऊर्जा कम्पनियों की तकनीकी एवं वाणिज्यिक हानियों को अलग-अलग करने, वितरण नेटवर्क की योजना एवं ग्रिड स्थिरता, नवकरणीय ऊर्जा संयंत्रों के इनवर्टर से रिएक्टिव पॉवर क्षतिपूर्ति, कृषि आधारित पम्प लोड एवं मौसमी मांग पूर्वानुमान, क्षति पहचान एवं मांग विश्लेषण के लिये डेटा एनालिसिस, आउटेज पूर्वानुमान और सम्पत्ति प्रबंधन के लिये एआई के उपयोग के संबंध में गहन विचार-विमर्श हुआ. प्रतिनिधियों ने विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिये संयुक्त अनुसंधान, फील्ड स्टडी और तकनीकी परियोजनाओं में काम करने में रुचि जताई. यह सम्मेलन बिजली वितरण क्षेत्र में व्यावहारिक अनुभव, शैक्षणिक ज्ञान और अनुसंधान क्षमताओं को एक साझा मंच पर लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है.



### 3800 करोड़ से फ्रोजन आलू उत्पाद इकाई का प्रस्ताव

**भोपाल, 3 जुलाई.** मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में उद्योग और रोजगार वर्ष 2025 औद्योगिक विकास की तीव्र संभावनाओं को साकार करने का वर्ष है. राज्य सरकार के प्रयासों से विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर निवेश प्रस्ताव मिल रहे हैं. निवेशकों को औद्योगिक इकाइयों की स्थापना के लिए भूमि सहित नीतियों के अंतर्गत सभी आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जाएंगी. मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरूवार को समत्व भवन मुख्यमंत्री निवास में मैकेन फूड्स के रीजनल प्रेसिडेंट पियरे डैनेट एवं प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों से चर्चा कर रहे थे. मैकेन फूड्स के पियरे डैनेट ने बताया कि मध्यप्रदेश में किसानों को कांट्रेक्ट फार्मिंग के माध्यम से स्थायी बाजार बेहतर मूल्य और उन्नत कृषि तकनीक का लाभ दिलवाने के लिए 3800 करोड़ रुपए निवेश का प्रस्ताव दिया


**अव्यवस्था** — प्रभारी मंत्री के क्षेत्र में नल जल योजना की प्रगति आंकड़ेबाजी तक सीमित

# 7 वर्षो से शोपीस बनी घोघरा की पेयजल टंकी

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 3 जुलाई. जिले में नल जल योजना की प्रगति आंकड़ेबाजी तक सीमित है. पीएचई मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री सम्पतिया उईके भी इस योजना को गंभीरता से नही ली हैं.**

लिहाजा घोघरा गांव में करीब 7 वर्षो से पेयजल टंकी बनी है. एक्का-दुक्का घरों को छोड़कर अन्य घरों में नल कनेक्शन तक नही हुआ. गौरतलब है कि इन दिनों जल ग्रहण मिशन एवं नल जल योजना को लेकर प्रदेश सरकार की पीएचई मंत्री पर गंभीर आरोप हैं और विपक्षी दल लगातार सवाल पर सवाल दाग रहा है और इस मसले को लेकर प्रदेश सरकार के जमकर किरकिरी भी हो रही है. आरोप लगाया जा रहा है कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग सिंगरौली में व्यापक पैमाने पर भ्रष्टाचार की बू आ रही है. यहां जल जीवन मिशन एवं नल जल योजना की प्रगति कागजी आंकड़ेबाजी ज्यादा है और धरातल पर सत्यापन के बाद ही असली पता चल जाएगा. यहां बताते चले कि चितरंगी विकास खण्ड के ग्राम पंचायत घोघरा में लाखों रूपये के लागत से करीब 7 वर्ष पूर्व नल जल योजना के तहत पेयजल टंकी का निर्माण हुआ. संविदाकार ने टेस्टिंग के नियत से आधा दर्जन घरों में नल कनेक्शन देकर कार्य को इतिश्री कर दिया. तीन-चार दिन टेस्टिंग होती रही, फिर इसके बाद आज तक न तो अन्य घरों में नल कनेक्शन हुआ और न ही पेयजल टंकी से जलापूर्ति की जा रही है. ग्रामीण बताते हैं कि पीएचई अमला एवं ठेकेदार ने मिलकर यहां गड़बड़झाला किया है और आज तक इसका लोकार्पण भी नही हुआ. इसी से अनुमान लगाया जा सकता है कि जल जीवन मिशन के तहत नल जल योजना पर सरकार के ही नुमाईंदे पलिता लगा रहे हैं. फिलहाल नल जल योजना के मामले में इन दिनों प्रदेश भर में जहां सुर्खियों में बना है.



### निष्पक्ष जांच हो तो रहस्यों से उठेगा पर्दा

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग सिंगरौली में जल ग्रहण मिशन एवं नल जल योजना में काफी अनियमितताएं पीएचई के अमले के द्वारा की गई है. इस बात को लेकर विपक्षी दल इन दिनों सरकार पर हमलावर हैं. वहीं पीएचई मंत्री को भी आड़े हाथों लेते हुये लगातार आरोप लगाये गये हैं. इन आरोपों कितना दम है, यह तो निष्पक्ष जांच के बाद ही पता चल पाएगा. वही सवाल उठाया जा रहा है कि पीएचई मंत्री भीषण गर्मी के महीने में भी जल संकट के दौरान पेयजल की समीक्षा बैठक क्यों नही ली. कहीं न कहीं कार्यपालन यंत्री पर, पीएचई मंत्री मेहरवान हैं.

### कागजों में कनेक्शन

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग का दावा है कि देवसर,चितरंगी एवं बैढ़न विकास खण्ड के 11 ग्राम पंचायतों के इतने ही गांव में नवीन जल योजना के तहत 1960 घरो में कार्यात्मक घरेलू नल कनेक्शन अर्थात एफएचटीसी के तहत नल कनेक्शन दिया जा चुका है. सूत्र बताते हैं कि चितरंगी जनपद क्षेत्र के दो गांवों में नल कनेक्शन के बारे में जानकारी ली गई. जिसमें पता चला कि पूर्व के घोघरा एवं वर्तमान के अगरहवा ग्राम पंचायत के कुशमहवा एवं करौंदिया ग्राम पंचायत के खरखौली में क्रमश- 10 एव 30 कनेक्शन दिये जाने का पीएचई ने दावा किया है. जबकि यहां तक पेयजल टंकी बनी है और न ही कनेक्शन हुआ है.

# गैसाबाद पुलिस ने शराब से भरी ईको कार पकड़ी

**नवभारत,न्यूज**

**हटा/दमोह. जिले के गैसाबाद क्षेत्र में घेराबंदी कर एक ईको कार से बड़ी मात्रा में अवैध शराब पकड़ी गई है.शराब तस्करी कर रहे कार चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है.**

बताया जा रहा है यह शराब हटा से पन्ना जिले में खपाने ले जाई जा रही थी,जिसे भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ताओं ने कार का पीछे करते हुए गैसाबाद पुलिस को सूचना देकर शराब पकड़वाई है. मौके पर एसडीओपी हटा प्रशांत सिंह सुमन भी पहुंचे, उन्होंनेभी जांच पड़ताल की.जानकारी के मुताबिक गैसाबाद थाना प्रभारी प्रीति पांडे ने बताया कि सूचना प्राप्त हुई थी, एक सफेद रंग की ईको कार जिसमे बड़ी मात्रा में अवैध शराब ले जाई जा रही है.

तभी एक टीम गठित कर गैसाबाद के समीप ही घेराबंदी कर कार क्रमांक एमपी 15 जीएफ 4117 को रोककर तलाशी ली, तो बड़ी मात्रा में शराब की पेटियां भरी हुई मिली. कार से 50 पेटी अवैध शराब मिली है.जो गोआ मेकडावर एवं आईवी कंपनी की है.जिसकी कीमत 4 लाख 48 हजार 200 रुपए बताई गई है. यह शराब हटा नगर के शराब तस्कर बूढ़ा हटा से महेश के घर से कमलेश लोधी पन्ना जिले की ओर खपाने ले जाई जा रही थी.